समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# वैश्विक तेजी के बावजूद घरेलू बाजार मे गिरावट, 124 अंकों की गिरावट के साथ सेसेंक्स खुला, इन स्टॉक्स मे रंही तेजी।

Publisher

Published on 30 Jun 2025




## अंतरराष्ट्रीय बाजारों मे तेजी और भू-राजनीतिक तनावों मे कंमी के बावजूद भारतीय शेयर बाजार मे दंबाव, जाने किन शेयरों मे आंई तेजी और किन्हे लंगा झटका।

**नई दिल्ली :** वैश्विक बाजारों में मजबूती और **भूराजनीतिक** तनावों में राहत के बावजूद **भारतीय शेयर बाजार** सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन कमजोर शुरुआत के साथ खुले। सोमवार सुबह बाजार खुलते ही **सेसेंक्स मे 124.32 अंकों** की गिरावट दर्ज की गई। यह **0.15%** की गिरावट के साथ **83,935.89** के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, **एनएसई का निफ्टी-50 भी 31.20 अंक यानी 0.12%** की गिरावट के साथ 25,606.40 के स्तर पर खुला।

**किन स्टॉक्स मे रंही तेजी ?**

आज शुरुआती कारोबार में जिन शेयरों में मजबूती देखने को मिली, उनमें शामिल हैं:

१. **जियो फाइनेंशियल सर्विसेज**

२. **एटरनल**

३. **ओएनजीसी**

४. **ट्रेंट**

५. **इंडसइंड बैकं**

इन शेयरों में दिखी गिरावट:

१. **हीरो मोटोकॉर्प**

२. **एनटीपीसी**

३. **टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स**

४. **भारती एयरटेल**

५. **एचडीएफसी बैकं**

**एशियाई बाजारों का हाल**

**एशियाई शेयर बाजारों** में आज तेजी रही। **जापान का निक्केई इंडेक्स 1.6%** चढ़ा, जबकि **टॉपिक्स इंडेक्स मे 1%** का इजाफा देखा गया। **कोरिया का कोस्पी 0.64%** ऊपर रहा और **ऑस्ट्रेलिया का ASX 200 इंडेक्स 0.19%** बढ़ा।

**किन फैक्टर्स से तय होगी बाजार की चाल?**

१. **विशेषज्ञों का मानना है कि इस सप्ताह घरेलू व वैश्विक स्तर पर जारी होने वाले कई प्रमुख आर्थिक आंकड़े बाजार की दिशा तय करेगें**।

२. **30 जून को मई महीने के औद्योगिक उत्पादन (IIP) के आंकड़े जारी होंगे**।

३. **1 जुलाई को विनिर्माण पीएमआई के आंकड़े आएंगे जो इंडस्ट्रियल सेक्टर की ग्रोथ का संकेत देगें**।

४. **3 जुलाई को सर्विस पीएमआई के आंकड़े जारी किए जाएंगे, जिससे सेवा क्षेत्र की स्थिति का मूल्यांकन हो सकेगा**।

**Geojit Investments** के रिसर्च हेड विनोद नायर के मुताबिक, “Q1 के रिजल्ट्स से पहले कंपनियों के प्रदर्शन पर निवेशकों की पैनी नजर है।”

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.